शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज कमिशन को पच्चीसवीं रिपोर्ट के सम्बन्ध में मैं निवेदन करना चाहता हूं कि उस मे साढे चार हजार सिफारिशें हैं। मैंने गृह मंत्रालय को मांगों पर भाषण करते समय भी यह निवेदन किया था कि दस प्रतिशत सिफारिशें भी अगर मान ली जायें और उनको कार्यान्वित कर दिया जाए तो इन लोगों की जो समस्यायें हैं वे हल हो सकती हैं। लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार की कोई कार्रवाई नहो हुई हैं।

मध्य प्रदेश की सरकार ने अभी अभी आदिवासियों के जलिये शराब बनाने की छूट दे दो है। क्यों दे दी है, वह जरूरी थो, क्या उससे लाभ होगा, आदिवासियों को, हर्गिज नहीं ? परन्तु जो एक परेशानी थी जेल में बन्द होने की ओर पुलिस और एक्साइज के लोग रोज तंग करते थे उससे वे लोग कम से कम अब बच जायेंगे। यह एक डायरेक्टिव है जहै। इस तरह से उनको परेशान भी नहीं किया जाना चाहिये। वर्किंग ग्रुप जो स्थापित किये जाते हैं उनकी सिफारिशों पर अमल भी नहीं होता हैं। जनता पार्टी के शासनकाल में एक स्थापित किया गया था उसकी सिफारिशों पर अमल नहीं हुआ। अब नई सरकार बनी है। वह क्या नया वर्किंग ग्रुप स्थापित करके उससे सिफारिशें मंगवा कर उन पर कोई निर्णय लेगी या पहले वाले वर्किंग ग्रुप की सिफारिशों पर कोई निर्णय आपने लिया है या लेंगे ? अगर वह निर्णय लेते तो हम यह समझ सकते थे कि वर्किंग ग्रुप के अन्तर्गत जो अलग अलग स्टडी ग्रुप्स हैं उनकी जो सिफारिशें है उनको वह मानेंगे।

मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं कि बैकवर्ड क्लास और शिड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों के प्रतिनिधि तो बोल सकते हैं, क्योंकि वह सोसायटी, समाज के अन्दर रहते हैं। लेकिन शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के नहीं बोल सकते। वह तो मनुष्य की शक्ल से घबराते है, पहाड़ पर चढ जाते हैं और अपनी आवश्यक वस्तुएं और नमक वगैरा तक लेने नहीं आते हैं। शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के लिये कोई बोलने वाला नहीं है। यहां एम्बाडीमेंट आफ प्रावर्टी है और इन इक्वैलिटि है यानी यहां गरीबी और विषमता साक्षात् रूप में खड़ी है।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि उस क्षेत्र के लिये एक कमीशन बनाने की बात है आर्टिकल 339 के अन्तर्गत, लेकिन उस कमीशन का निर्माण नहीं किया गया है। सन 1954 में आर्टिकल 340 के अन्तर्गत बैकवर्ड क्लासेज कमीशन बना था, जिसे अब फिर बनाया गया है, लेकिन जो शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के एरिया के लिये कमीशन बनाना था, वह नहीं बनाया गया है। शिड्यूल्ड एरिया और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के राज्यों में कंट्रोल करने के लिये जो कमीशन बनाने का प्रावधान है, उसे अमल में नहीं लाया गया है। उस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि बकिंग ग्रुप की रिपोर्ट देखनी चाहिये। उस रिपोर्ट में लिखा है कि शिड्यूल्ड फिफ्थ का कहीं इस्तेमाल नहीं किया गया है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी के द्वारा गृह मंत्री और अन्य मंत्रियों तथा मंत्रालयों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि अगर आदिवासियों का भला करना चाहते हैं तो उसके तीन प्रकार हो सकते है। या तो उनको अइसोलेट कर दीजिये या एसीमिलेट कर दीजिये या इन्टीग्रेट कर दीजिये। आखिर में फ़ैसला इंटीग्रेशन का ही करना होगा जो कि पहले फिफ्टीज में किया गया है। आज ये लोग बहुत तकलीफ में हैं।

मैंने गृह मंत्री जी से एक प्रश्न पूछा था कि अगर शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोगो के वैलफेयर के लिये कोई अलग मंत्रालय नही बना सकते तो क्या कोई विभाग बना सकते हैं, परन्तु उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

संविधान की आर्टिकल 164 में लिखा है कि उड़ीसा, मध्य प्रदेश और बिहार के अन्दर इस तरह के मंत्रालय बनाये जायें, मेरा कहना है कि इसी तरह के मंत्रालय या विभाग केन्द्रीय सरकार में भी बनाये जायें।

आदिवासी क्षेत्रो को रेलों से भी जोड़ा जा सकता है। आज से 30 साल पहले भी मैंने सुझाव दिया था, उसके गवाह हमारे माननीय सदस्य श्री मोहन लाल सुखाडिया यहां हैं, जगजीवन राम जी यहां है, कि बांसवाडा-रतलाम को रेलवे लाइन से जोड़ा जाये, लेकिन यह आज तक नहीं हो सका है। इसकी तरफ ध्यान दिया जाना चाहिये।

इसी तरह से संचार मंत्रालय, इंडस्ट्री मिनिस्ट्री और दूसरे अन्य मंत्रालयों को भी आदिवासी क्षेत्रों की योजनाओं की तरफ ध्यान देकर उन्हें पूरा करना चाहिये।

आज क्या हो रहा है कि डैजर्ट एरिया, हिली एरिया, बैकवर्ड एरिया बनाकर शिड्यूल्ड एरिया का नाश किया जा रहा है, आदिवासियों की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज प्रायर्टी वहां दी जा रही है जहां के लोग अच्छा प्रतिनिधित्व कर के यहां पर बातें करते हैं, उन्हों को मौका दिया जाता है, उन्ही के काम होते है। मेरा निवेदन है कि सरकार के सभी मंत्रालयों को आदिवासियों की समस्याओं की तरफ ध्यान देना चहिये। इन शब्दों के साथ मैं मंत्री महोदय की मांगों का समर्थन करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं।

**श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत** (अल्मोड़ा): सभापति महोदय, मैं आप द्वारा प्रदत्त अवसर का उपयोग करते हुए, माननीय वित्त मंत्री जी और भारत सरकार को साधुवाद देता हूं कि उन्होने देश की वर्तमान कंटकाकीर्ण विषम आर्थिक परिस्थिति मे एक सुखद भविष्य की सूचना देने वाला, सुखद भविष्य की ओर इशारा करने वाला बजट इस सदन के सामने प्रस्तुत किया है।

गत वर्ष जो परिस्थितियां थी और उनका नियंत्रण जिन लोगों के हाथ में था, जिस तरीके से उन्होने अपनी अदूरदर्शितापूर्ण नीति के कारण देश को आर्थिक विषमता और आर्थिक संकट के कगार पर पहुंचाया, उस स्थिति में आपने जिस तरीके से एक सुव्यवस्थित बजट इस देश के सामने प्रस्तुत किया है, वह एक अनुकरणीय उदाहरण है और एक नई दिशा का बोधक है। वित्त मंत्री महोदय ने इस देश में ऐसी शुरुआत की है, जिसकी बहुत दिनों से अपेक्षा थी।

पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण कृषि-उत्पादन के क्षेत्र में लगभग 10 प्रतिशत की कमी आई। इसी प्रकार औद्योगिक उत्पादन, विद्युत उत्पादन और मुद्रा-उपलब्धता आदि की स्थिति भी निराशा-जनक रही हमारे देश के सकल राष्ट्रीय उत्पादन में 1979–80 में 4 प्रतिशत की कमी आई। यदि हम उसकी तुलना 1977 की स्थिति से करें, तो सकल राष्ट्रीय उत्पादन में और भी अधिक कमी आई।

जब 1977 में इस देश के लोगों के आदेश से हमारी पार्टी ने प्रतिपक्ष का दायित्व सम्भाला, उस समय हम आने वाली सरकार को विरासत के रूप में औद्योगिक शान्ति, श्रेष्ठ उत्पादकता का वातावरण, संतुलन आयात-निर्यात की स्थिति सर्वश्रेष्ठ मुद्रा -उपलब्धता अकूत अन्न, स्वर्ण तथा विदेशी मुद्रा का भंडार, आर्थिक अनुशासन और गतिशील अर्थ-व्यवस्था देकर गये। लेकिन जब 1980 में देश के लोगों ने हमें फिर से सत्ता सौंपी, तो श्री सतीश अग्रवाल की सरकार हमको विरासत में एक ऐसी निराशाजनक स्थिति और एक ऐसी असामान्य परिस्थिति दे कर गई, जिनका वर्णन करने में बहुत समय लगेगा।

ऐसी स्थिति में वित्त मंत्री महोदय विभिन्न तरीकें से डायरेक्ट और इनडायरेक्ट करों में जो छूट दी है और आम आदमी के उपभोग की वस्तुओं पर कर न लगा कर जो उदारहण प्रस्तुत किया है, वह वास्तव में सराहना के योग्य है और वह स्वंय सरहाना के पात्र हैं।

आज हमारे देश मे बेरोजगारी की जो स्थिति है, वह हमारे प्रजातंत्र के लिए घुन समान है। यदि हमने जल्दी से इस समस्या का कोई हल न निकाला, तो हमारे यहां प्रजातंत्र की व्यवस्था खतरे में पड़ जायेगी जो लोग हमसे पहले सत्ता में थे, उन्होंने 1977 में देश के लोगों से यह वादा किया था कि हम दस साल में बेरोजगारी को खत्म कर देंगे। जब हम 1977 में सत्ता से हटे, तो उस समय हमारे देश में 1,08,00,000 आदमी बेरोजगारी थे। तीन साल के बाद जब 1980 में वे लोग सत्ता से हटे, तो वे 2,01,00,000 बेरोजगारों की फौज देश में छोड़ कर गये।

मैं जानता हूं ऐसे नौजवानों को, अपने साथियों को, जो मेरे साथ पढ़े हैं, खेले हैं, जो रोज़गार न मिल पाने के कारण, अपनी रोज़ी-रोटी की समस्या हल न होने के कारण अपने आप को, अपने भविष्य को, अंधकार की आगोश में जकड़ा हुआ पाते हैं। उनको कोई रास्ता दिखाई नहीं देता है। हमने उनके लिए कोई रास्ता निकालना है, उनके सामने जो निराशा का वातावरण है, उसे दूर करना है। आज इस देश में न जाने कितने ऐसे नौजवान होंगे, जिन्होने बेरोज़गारी से तंग आ कर आत्महत्या कर ली। आज हमारे देश में ऐसे बहुत से मां-बाप होंगे, जिन्होने अपने बच्चों को अपने गाढ़े पसीने की कमाई से पढ़ाया है, और आज भी पढ़ा रहे हैं, लेकिन उन्हें मालूम नहीं है कि उनका भविष्य क्या है। हमें इस स्थिति पर जल्दी से नियंत्रण करना है और लोगों को रोज़गार देने के लिए नई व्यवस्था करनी है

क्या कारण है कि जो देश हम से बाद में स्वतंत्र हुए, जो छोटे छोटे मुल्क हैं, उन्होंने अपने यहां बेरोजगरी की समस्या को हल कर लिया? दुनिया में ऐसे छोटे छोटे मुल्क है, जिनके पास यदि पहाड़ हैं, तो सागर नहीं है, जिनके पास यदि ठंडा जल-वायु है, तो गर्म जल-वायु का क्षेत्र नहीं है, जिनके पास अर्वाचीनता है, तो प्राचीनता नहीं है, वे भी अपनी कुल आय का 20 से ले कर 35 प्रतिशत तक टूरिज्म के उद्योग से कमा रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ हमारे देश के अंदर थाइलैंड जैसे छोटे

मुल्क से भी कम टूरिस्ट विदेशों से आते हैं। तो हमें इस टूरिज्म के व्यवसाय और अधिक पीपल ओरिएंटेड बनाना पड़ेगा, इस में जनसामान्य को और अधिक जोड़ने की कोशिश करनी पड़ेगी।

इसी तरह आप देखें, छोटे-छोटे उद्योग हो सकते हैं जो बेरोजगारी की समस्या को दूर कर सकते हैं। लेकिन आज जो लघु उद्योगों की स्थिति है वह बहुत ही निराशाजनक है। प्रान्तों के वित्त निगमों के द्वारा या उद्योग संस्थानों के द्वारा विभिन्न प्रकार के लुभावने प्रलोभन लोगों को दिए जाते हैं, लोग उद्योग लगाते हैं लेकिन उद्योगों को लगाने के बाद क्या होता है? आप सारे प्रान्तों के आंकड़े मंगा कर देख लीजिए, 50 प्रतिशत उद्योग आज सिक हैं और कुछ तो बिलकुल बन्द हो चुके हैं। तो क्या कारण है कि इतनी बड़ी राशि की पूंजी डूब रही है और लोगों को रोजगार देने का एक सबल माध्यम विफल होता जा रहा है? इस का कारण यह है कि हम लोगों को उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित जरूर करते है लेकिन वे बड़े बड़े उद्योगों के कम्पीटीशन मे खड़े नहीं हो सकते। उन के पास ऐसे साधन नहीं कि वे एकाधिकारवादी उद्योग पतियों के साथ प्रतियोगिता कर सकें। हमें उन के लिए मार्केटिंग की व्यवस्था करनी चाहिए। उन का कच्चा माल खपे इस की गारंटी सरकार को देनी चाहिए। यही नही, आज उद्योगों को प्रोमोट करने का काम जिन विभिन्न प्रकार की एजेंसिज को दे रखा है वे एजेंसीज प्रोमोटर का काम न कर के इंसपेक्टर का काम करती हैं। मुझे एक लघु उद्योगपति बता रहे थे कि खून करने के मामले में तो केवल एक इंसपेक्टर पीछे पड़ता है लेकिन जब उद्योग लगा दा तो कम से कम 21 इंसपेक्टर हमारे पीछे दौड़ते हैं। तो इन इंसपेक्टरों की व्यवस्था से आप लघु उद्योगपतियों को बचाइए। आप इंसपेक्टरों के बजाय प्रोमोटर्स को नियुक्त कीजिए और विभिन्न प्रकार के लघु उद्योगों के मामले में जितने मंत्रालय काम करते हैं उन के बीच में को-आर्डिनेशन स्थापित कीजिए, एक समन्वय स्थापित कीजिए जो देखें कि ये उद्योग पनपें, फूलें और फलें।

दूसरी चीज-आज हमारे देश के अंदर सारी सुविधाएं हम उन लोगो को देते जा रहे हैं जो आर्गेनाइज्ड हैं, जो आर्गेनाइज्ड सेक्टर में काम करते हैं, जिन के अपने संगठन हैं। हम उन के वेतन भत्तों को भी बढ़ा रहे हैं। मैं मानता हूं इस बात को कि जिन को हम ने नौकरी दी है उन को अच्छी रोजी रोटी मिल सकें, उन को शिक्षा के साधन मिल सकें और दूसरी सुविधाएं मिल सकें, इस को देखने का काम सरकार का है। लेकिन एक बहुत बड़ा वर्ग इस देश के अंदर ऐसे लोगों का भी है जो आज सड़कों पर चप्पल चटखाते फिर रहे है, उन का दायित्व किस के ऊपर है? उन को रोजी रोटी देने का दायित्व किस पर है? चाहे जो लोग ऐसे है जिन की रोजी रोटी की समस्या आज पूरी हो चुकी है उनकी कुछ सुविधाएं काट कर के उन लोगो को सुविधाएं देनी पड़े तो वह देने की कोशिश करनी चाहिए।

मंत्री महोदय ने इस वित्त विधेयक के माध्यम से ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को सुधारने की तरफ कुछ कोशिश की है। हमारे देश के अंदर आज जो 5 लाख 80 हजार गाव है उन में से सिर्फ ढाई हजार गांव रोड से कनेक्टेड है। मैं अपने क्षेत्र के कुछ ऐसे गांवो को जानता हूं कि जहां के लोग जब वहां सड़क बनी और गाड़ी गई तो वे वहां फल माला ले कर आए गाड़ी को चढ़ाने के लिए। आज भी बहुत सारे क्षेत्र हमारे हिन्दुस्तान के अंदर ऐसे हैं जिन को हम रोड से कनेक्ट नही कर पाए हैं। इसलिए हमें आल वेदर या फेयर वेदर कुछ इस तरीके की रोड बनानी चाहिए। आप

ने खाद्यान्न के बदले श्रम योजना के अन्तर्गत रोड का काम करने की बात कही है इस में एक अच्छाई तो है कि लोगों को रोजगार मिल जाता है लेकिन जो रोड बनती है या जो दूसरी तीसरी चीजें बनती हैं उन के मेन्टिनेंस के लिए कोई व्यवस्था नहीं है जिस के कारण एक दो बरसातों के बाद जो रोड बनती है वह बिल्कुल बेकार हो जाती है। करोड़ों रुपया जो दो ढाई साल में खर्च हुआ है वह बेकार जाने की स्थिति मे हो जाता है । इस दिशा में भी आप को ध्यान देना चाहिए और इस दिशा में भी कुछ कोशिश करनी चाहिए ।

आज पेय जल की स्थिति भी हमारे हिन्दुस्तान के अंदर बड़ी विषम है । मैं बहुत सारे ऐसे गांवों को जानता हूं और मेरे अपने निर्वाचन क्षेत्र मे ऐसे गांव हैं जिन में तीन तीन चार चार किलोमीटर दूर से लोगों को पानी ले कर आना पड़ता है, जहां की आधी महिलाएं आप को ऐसी मिलेंगी जिन के सिर पर आज बाल नहीं रह गए हैं पानी लाते लाते और सिर पर गगरा रख कर ढोते ढोते। उन गांवों की कम से कम देश की स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद पेय जल की जो मौलिक आवश्यकता है उस को तो हमे उपलब्ध कराना चाहिए ।

आज हमारे गांवों में सैनिटेशन की कोई व्यवस्था नहीं है। हमारी मां बहने उजाला होने के बाद टट्टी पेशाव के लिए कहीं बाहर नहीं जा सकती हैं । उन के लिए भी विलेज सैनिटेशन की कोई योजना लागू करनी चाहिए ताकि उन लोगों के सामने यह जो बहुत बड़ी समस्या है वह तो दूर हो सके।

पब्लिक अंडरटेकिंग्स का कंसेप्ट जब से शुरू हुआ हमारी एकोनामी मे और जब से नेहरू जी के नेतृत्व मे हम ने पब्लिक अंडरटेकिंग्स के माध्यम से देश की अर्थ-व्यवस्था को मजबूत करने की कोशिश की, उसी समय से एक साजिश शुरू हुई है इस व्यवस्था के खिलाफ जिन उद्योगों को हम पब्लिक सेक्टर में लेते हैं कुछ उद्योग प्राइवेट सेक्टर में भी उसी किस्म की और उसी प्रकार की जिन्सों को पैदा करने वाले लगे हुए होते हैं। मैंने देखा है पब्लिक सेक्टर के जो अधिकारी हैं—मैं मानता हूं कि कई अधिकारी और कर्मचारी ऐसे हैं जो मुझसे कई गुना ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं—लेकिन ऐसे भी अधिकारी हैं जोकि व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए राष्ट्रहित को बेच देते हैं। यह बड़े दुःख की बात है कि पब्लिक सेक्टर में ऐसे अधिकारी हैं जोकि प्राइवेट सेक्टर द्वारा प्रभावित होते हैं और यही कारण है कि हमारा पब्लिक सेक्टर एक सुनियोजित साजिश के अन्तर्गत फ़ेल होता जा रहा है। इसलिए सरकार को इस प्रकार की व्यवस्था करनी चाहिए कि जितनी भी पब्लिक अंडरटेकिंग्स हैं उनमें अगर कोई फ़ेल होती है तो उसके लिए जिम्मेदारी फिक्स की जाए, उसका दायित्व अधिकारियों पर डाला जाए जोकि उसके मैनेजमैन्ट को देखते हैं। यदि वहां पर घाटा होता है तो उनका प्रमोशन रोकना चाहिए और दण्ड भी मिलना चाहिए । लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ है।

प्रान्तों में भी विभिन्न प्रकार के निगम बने हुए हैं। प्रान्तों ने केन्द्रीय सरकार से ऋण लेने के लिए तथा एल आइ सी व अन्य वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेने के लिए निगम बनाए हैं जोकि आज सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जल निगम, विद्युत निगम आदि बने हुए हैं । उनके जो अधिकारी हैं वे अगर ईमानदारी के साथ सारा रुपया खर्च करें तो उत्तर प्रदेश की सारी सड़क सम्बन्धी, बिजली सम्बन्धी, पेय जल सम्बन्धी कठिनाइयां दूर हो सकती हैं लेकिन ऐसा न होकर करोड़ों रुपया उन अधिकारियों द्वारा वेस्ट किया जा रहा है । एक अधिकारी तीन साल तक एक योजना में काम करता है अगर वह योजना फेल हो जाती है तो उसे

[श्री हरीश चन्द्र सिंह रावत]

स्थानान्तरित कर दिया जाता है लेकिन उस योजना में जो घाटा हो गया उसको कोई देखने वाला नहीं है ।

मैं आपके द्वारा मन्त्री जी का ध्यान बढ़ती हुई कीमतों की ओर भी दिलाना चाहता हूं । जब हमने सत्ता सम्भाली थी तब देश वासियों के मन में हमने यह आशा और विश्वास पैदा किया था कि हम कीमतों को नियंत्रित करेंगे और मुद्रास्फीति को रोकेंगे । मैं मानता हूं कि 1979 मे जब लोकदल की सरकार थी उस समय जिस तरीके से कीमत बढ़ रही थी और जिस अनुपात में मुद्रास्फीति बढ़ रही थी उसपर हमने थोड़ा बहुत नियन्त्रण किया है । मैं इस बात को भी मानता हूं कि इस स्थान पर आप हों या कोई और हो, वह इतनी जल्दी मूल्यों और मुद्रास्फीति के दानव को नियन्त्रण में नहीं ला सकता है लेकिन हम को इस दिशा में प्रयत्न करना चाहिए। आर्थिक अनुशासन का जो वातावरण जनता पार्टी की सरकार को सौंपा गया था उसी को पुनः स्थापित किया जाना चाहिए । पहले तो हमें समझा कर कहना चाहिए कि हड़ताल करना अपराध है और अगर उससे काम नहीं चलता है, देश का उत्पादन कम होता है तो उसपर नियन्त्रण लगाना चाहिए । हड़ताल और गो-स्लो की पालिसी पर कम से कम तीन साल के लिए सरकार को बैन लगाना चाहिए जब-तक कि हम इस देश की अर्थ-व्यवस्था को 1977 के स्तर तक नहीं लाते ।

आज प्राइज राइज को रोकने के लिए बहुत सारे सुझाव हो सकते हैं जिनको कारगर तरीके से लागू करना चाहिए । हमे अपने पब्लिक एक्सपेंडीचर में, जो हम अपनी शासन व्यवस्था पर खर्च कर रहे हैं, सरकारी मशीनरी पर हम जो खर्च कर रहे हैं, उसको घटाने की कोशिश करनी चाहिए । हमारी मशीनरी जिस तरीके से आज रुपया फूंक रही है, जिन शानों शौकत से वह रह रही है क्या उसको भुगतने के लायक आज हमारा देश है या नहीं—इस बात पर विचार होना चाहिए । हमारे देश के लोग गरीब हैं इस बात पर हमारी मशीनरी को भी विचार करना चाहिए । वह विचार नहीं करती है तो आपने संकल्प किया है वित्त विधेयक में कि जो खर्चा इस मशीनरी पर हो रहा है उसको नियन्त्रण मे लाने की कोशिश की जायेगी—यह खुशी की बात है ।

हमारे देश में जो आर्थिक अपराध करने वाले लोग है उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए जो कई कानून हैं उनको कड़ाई से लागू करना चाहिए उनको इमानदारी के साथ लागू करने के निर्देश दिए जाने चाहिए । आज आपके आदेश, आपके वह कानून इमानदारी के साथ मशीनरी के द्वारा लागू नहीं किए जाते । इसको कहने में मुझे कोई परहेज नहीं है । जो एन्टी इन्फ्लेशन पेकेज स्टप्स 1974 में उठाए गए थे उनको फिर से लागू किया जाना चाहिए । आज 1974 के मुकाबले विषम स्थिति है । आज फिर वही स्थिति हमारा प्रति-पक्ष जोकि रचनात्मक प्रतिपक्ष नहीं खड़ी करना चाहता है । आपको और हमारी सरकार को इस परिस्थिति को समझना चाहिए और उनका मौका नहीं देना चाहिए कि व कोई ऐसे काम कर सकें जिनसे आने वाले दिनों में जनता की कठिनाइयों के साथ सरकार की कठिनाइयां भी बढ़ें ।

मान्यवर, अभी हमारे कुछ साथी पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की बात कह रहे थे । हमारे देश के अन्दर दो प्रकार की व्यवस्थायें चल रही हैं, एक व्यवस्था सरकार की है और दूसरी व्यवस्था जो काले-धन वाले लोग हैं जो चोर-बाजारी वाले लोग हैं, जो ऐसे व्यापारी हैं, जो जनता की कठिनाइयों को बढ़ाना चाहते हैं उनकी व्यवस्था चल रही है इन व्यापारियों

के ऊपर आप साधारण कानून के द्वारा साधारण तरीके से नियंत्रण नहीं कर सकते हैं आपको सख्त होना पड़ेगा। आपको कोई ऐसा नया तरीका इजाद करना पड़ेगा ताकि हम इनके हाथों के खिलोने बन कर न रहे जायें और इनको जनता के साथसे खिलवाड़ करने का मौका न मिले इसका एक ही तरीका हो सकता है कि हम जगह जगह पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को ज्यादा विकसित करें। हम सरकार की तरफ से आवश्यक चीजों को मुहेया कराने वाली दुकानों को खोलें चाहे को-आपरेटिव के माध्यम से खोलें या चाहे ग्रामसभाओं के माध्यम से खोले, लेकिन हमें इसके लिए एक तरीका निकालना पड़ेगा।

मान्यवर इस वक्त और भी ज्यादा विषम स्थिति है। आप जो चीनी 2 रु० 85 पै० प्रति किलों दे रहे हैं, यह साधुवाद की बात है कि इतनी कम चीनी की उपलब्धता होते हुए भी आप सस्ते गल्लों की दुकानों से लोगों को चीनी देने की कोशिश कर रहे हैं और इसका आपने संकल्प किया है। लेकिन दुख का विषय यह है पिछले ढाई-तीन साल के अन्दर, अकेले उत्तर प्रदेश के अन्दर मैं इस बात को कह सकता हूं कि 50 प्रतिशत सस्ते गल्ले की दुकानों ऐसे लोगों को दी गई जो किसी पार्टी के विशेष सदस्य थे या पार्टी विशेष के साथ संबंध रखने वाले थे या जाति विशेष के साथ संबंध रखने वाले लोग थे और यही लोग पब्लिक डिस्ट्रब्यूशन सिस्टम को फेल करने की कोशिश कर रहे हैं। जो चीनी उनको मिलती है, उसको वह हलवाई को बेच देते हैं और यदि आप कुछ कहते हैं, तो कहते हैं कि मैं जनता पार्टी का हूं या लोकदल का हूं, इसलिए मेरे ऊपर यह आरोप लगाया जा रहा है। आपकी मशीनरी भी उनको रोकने के लिए कुछ नहीं करती है जो चीनी आप 285 रु० बोरा उनको देते हैं, व उसको हलवाई को 1000 रु० में बेच देते हैं।

मान्यवर, इसलिए मेरा आपसे निवेदन है, मेरी आप से प्रार्थना है कि आज यह वक्त को पुकार है और समय की आवश्यकता है कि हमें चाहे कितने ही सख्त कदम क्यों न उठाने पड़ें, चाहे जितनी कड़ाई के साथ कानूनों को लागू करना पड़े, हम इस देश के अन्दर एक आर्थिक-अनुशासन स्थापित करें हम इस देश के अन्दर एक सुव्यवस्थित व्यवस्था स्थापित करे, जिससे जनता की कठिनाइयां दूर हो सकें। हमें लोगों को सस्ते दामों पर चीजों को मुहैया कराने के लिए सरकार की तरफ से निश्चित और ठोस कदम उठाना चाहिए।

इन शब्दों के साथ आपके द्वारा प्रस्तुत वित्त विधेयक की सराहना करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं, जो आपने मुझे बोलने के लिए इतना समय दिया।

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: (Panskura): Sir, many Members, in the Budget discussion, have pointed out that the tall claims of the Finance Minister about the present Budget contributing to the process of bringing stability, growth and social justice are hollow. I agree with them. I will not try to repeat the many points which have been covered; I will only indicate the ones with which I agree and go into certain specific points.

Everybody has talked about the railway fare, fertiliser price, petrol price, etc., and has also commented on the very high inflationary potential of the Budget. I agree with those who have pointed this out.

Though our Finance Minister has said that the opening deficit is much less than in the previous year, I am afraid, at the final count, his deficit may cross those in the earlier years at olympic speed in this Olympic Year. I think, everybody should feel concerned about it.

About the growth orientation, etc., quite a number of Members have pointed out that the present Plan, if it is taken in real terms, that is, if the apprehended price increase is considered, then really its size will not be very big as compared to the earlier one. Moreover, it should also be pointed out that 90 per cent of the plan investment is for continuing schemes and only 10 per cent is for new projects. In that case, what development growth this Budget can bring about, I am not sure of.

Now, I come to my main point. As far as the other claim, that is, social justice is concerned, the less said the better. Actually, he has given us plenty of amusement by his recent famous speech where he talked about a carrot-and-stick policy. He said with regard to industrialists that he has offered carrot to them, 'now they are not behaving and if they do not behave I will have to use sticks.' In my opinion, when he presented the finance proposals, in that itself there were carrots galore. Look at his tax holiday, that is, for 7 years at that time on 25 per cent of the profits of new industrial undertakings and companies and an additional 50 per cent depreciation allowance for new industries, then relaxation with regard to equity shares, etc. But even after presenting that and despite all the criticism that has been going on here, our Minister has come out with some new amendments. After that famous carrot-and-stick speech, there are some more carrots offered to the capitalists. Look at them now. Longer tax holidays, new concessions on interest tax, partial relaxation of the retrospective operation of the provisions of income-tax etc.

But when our economy was in the doldrums and is still in doldrums, did these capitalists, particularly the monopolists ever really serve the nation? Did they make good use of the opportunity? They always saw to it that their profits went on soaring, whatever happened to the economy. All the advantages the government have given in the industrial field, everybody knows, are taken advantage of by the big monopolists. It is public knowledge. It has been happening all this time. So, in that case, what does he think? One carrot after another! In the new industrial policy more opportunities and more concessions are given to the private sector and I understand through his new proposals he is going to give them more and more opportunities. So, where are the sticks? What I find is that this government has given to the monopolists the entire carrot yield of the country and I say, Sir, the stick, nay the clubs are showered on our heads—on the heads of ordinary people through this highly inflationary trend which is going to increase, in my opinion.

I do not agree with his proposal of doing away with agricultural wealth tax. I know this will not be very popular because tables were thumped by many when the abolition of this was proposed. I want to know on what pretext he has abolished it. It is said the yield is only Rs. 1 crore. Why? Then, Sir, with regard to the general wealth tax, I do not support the relaxation of the ceiling. And I am totally opposed to the abolition of agricultural wealth tax. If it is true that only one per cent of the rural households hold thirty per cent of the rural wealth and 50 per cent of the rural households hold only 8.2 per cent wealth, and if 40 per cent of our entire national product coes from the agricultural sectors. in that case, why should not the agricultural surpluses be mopped up?

In the name of abolishing the tax on the plea that not much is being collected, actually, the baby is being thrown away with the bath water. I feel that stronger measures for mopping up of the agricultural surpluses should have been there By mopping up of agricultural surpluses, I naturally do not mean the small or marginal farmers. Farmer is being said in general term. In my

opinion you are only hiding the reality of our countryside—there are the agricultural labourers, the small and marginal farmers the middle farmer and big farmers. For the big farmers the wealth tax should continue. These should have been much bigger attempts made to collect wealth tax both from the industrial as well as from the agricultural sectors. I do not support the abolition of wealth tax on the plea that it gives very little to Government. This is what the Minister says. Mr. G. D. Birla never gives any wealth tax because whatever he may use belongs to the company. What is this system of wealth tax? Why allow the biggest monopolists to escape? If that is the concept of wealth tax, then you do not expect to get anything at all from them. Instead you will only throw away the entire burden on the ordinary people. Our Minister, while proposing some of the concessions in excise duty on some articles made a lot of noise about his beautiful budget.

He said: "I am leaving out essential commodities etc. from imposition of tax; I am giving relief etc., etc" But he quietly underscored the fact that, in the bargain, he has actually imposed extra excise duty on all the items. He has done it so beautifully so that it cannot be noticed easily. That being so I do not think the common people have anything much to get. I have two or three small points to mention in this connection.

**17 hrs.**

I would like to point out particularly the case of medicine. I do not know why this 2½ per cent excise duty which was there, he has exempted only on 30 medicines. As far as I remember, the Hathi Committee has recommended 127 items as essential drugs whereas the Indian Medical Association has recommended 150 items, why has he taken out only 30 items from these—I do not know. On going to Calcutta, I found that one item, Capramin tablet, was selling at 75 paise per tablet. If this be the situation with regard to medicine, I think, at least, he must come out with a proposal for taking away this tax altogether on essential drugs. I would only make two more points and I would end.

We have welcomed the proposal of exempting those earning upto Rs. 12,000 from income tax. I think you should give the benefit of this exemption of Rs. 12,000 to those earning upto Rs. 20,000/-, that means in the case of those earning up to Rs. 20,000 the nil slab should not be Rs. 8,000, but Rs 12,000, and assessment should be done accordingly. Those who are earning up to Rs. 20,000 may be termed as middle-class or at best affluent middle-class. In my opinion, he can do this for them.

Lastly, Sir, something has been said about black money but how is it that up till now nobody knows what is the amount of black money in our economy. There are different estimates, namely, Rs. 5,000 crores to Rs. 20,000 crores. That shows that the Government is not doing anything about the black money. About foreign monopolies yesterday the Company Affairs Minister in answer to a question in the Rajya Sabha named certain companies and gave figures saying we have got the balance-sheet of 141 companies and majority of the companies have not given balance sheets. He gave an evasive answer saying that some are going to be wound up and some are in the process of eliminating themselves, etc. If in relation to foreign companies this is where the Government stands that they do not know about their transactions and the invoice manoeuvring that they indulge in them how will they get additional resource? Why does the Minister not haul up those circles from whom the money should be available instead of bringing such an inflationary budget whose pressure is going to mow us down? I hope even at this stage the Minister will think about it and not give all the carrots to their pet indus-

(Shrimati Geet Mukherjee)
trialists, monopolists and foreign monopolists and all the sticks and clubs on our head.

श्रीमती गुरविन्दर कौर बरार (फरीदकोट) : माननीय अध्यक्ष जी वित्त मंत्री जी ने जो फाइनैंस बिल सदन के सामने रखा है, मैं उसका समर्थन करती हूं। कितने मुश्किल हालात में वित्त मंत्री जी ने बजट रखते वक्त मिडिल क्लास के लोगों का, फार्मर्स का, औरतों का, फिजिकल्ली हेण्डीकेप्ट लोगों का रिक्षा पुलर्स का, टैक्सी ड्राइवर्स का, इकोनोमिकल्ली वीकर सेक्शंस का खास ख्याल रखा है। मैं इनकी डिटेल्स मैं नहीं जाना चाहती हूं, थोड़े से में ही मैं आपसे कहूंगी। जो मिडिल क्लास के लिए उन्होंने रिलीफ दी उनका थोड़ा सा मैं रेफरेंस देती हूं—

Raising of the exemption limit from Rs. 10,000 to Rs. 12,000;

Reduction in the sur-charge on income-tax;

Raising of the exemption limit for wealth tax;

Promotion of long-term savings, and incentives for investment in industry.

17.04 hrs.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

सब से ज्यादा जो वित्त मंत्री जी ने फार्मर्स को एग्रीकल्चर्स वैल्थ टैक्स पर रिलीफ दी है उससे वह बहुत खुश है। 80 परसैंट लोग गांवों में रहते हैं अनपढ़ हैं। उनको इसके बारे में कुछ समझ ही नहीं आता था। विचारे सारा वक्त वकीलों के चक्कर में पड़े रहते थे।

वित्त मंत्री जी ने कंज्युमर आइटम्स पर भी रिलीफ दी हैं—जैसे लाइफ सेविंग ड्रग्स हैं, कंट्रोल्ड क्लाथ है, मोटर साइकल्स है सुइंग मशीन हैं। औरतें भी खुश होंगी कि इन्होंने प्रैशर कुकर पर पांच परसेंट एक्साइज ड्यूटी पर रिलीफ दी है, पांच परसेंट टैलीविजन सेट पर कम की है। यह जो टू बैण्ड रेडियो है इसके बारे में आपको छोटी-सी मिसाल देती हूं। पंजाब में बिहार, राजस्थान, मद्रास, उत्तर प्रदेश, वगैरह की लेबर आती हैं और यहां से कमाई करके, यहां पर काम करके वापिस जाती है। एक बार मैं गाड़ी में बैठी थी मैंने देखा कि बारह के करीब फैमलीज वापिस घर जा रही हैं, औरतें और बच्चे भी उनके साथ थे, मर्द भी थे। जो भारी बोझ था वह तो औरतों के सिर पर था उन्होंने उसको औरतों के सिर पर उठा दिया —यह हमारे हिन्दुस्तान के आदमी की खासियत है—और अपनी बगल में ट्रांजिस्टर रखा। कहने का मतलब यह है कि कोई घर ऐसा नहीं है जिस के पास रेडियो न हो, ट्रांजिस्टर न हो और यही एक मात्र उनका एंटरटेनमेंट का साधन है, वित्त मंत्री जी ट्रांजिस्टर की लाइसेंस फीस माफ करके उनके साथ इंसाफ किया है।

इनफार्मेशन एंड ब्राडकास्टिंग मिनिस्टरी की डिमांड्ज डिसकस नहीं हुई हैं इस वास्ते उस पर मैं चन्द लफ्ज़ कहना चाहूंगी। पांचवें प्लान में खाली 2 परसेंट इसको दिया गया था। जो इतनी इम्पार्टेंट मिनिस्टरी है उसको 2 परसेंट ही दिया गया जो गवर्नमेंट करती है, जो मुल्क में होता है उसे दुनिया के कोने कोने में पहुंचाने का काम इस मिनिस्टरी का है और उसको खाली यही दिया गया था। छठे प्लान में क्या रखते हैं इसको देखना है। मैं अपील करना चाहती हूं कि ज्यादा फंड इसके लिए छठे प्लान में आपको देने चाहिए।

टी वी को ए आई आर से 1 अप्रेल 1976 को अलग कर दिया गया था। 1977 खत्म हुआ, 1979 खत्म हुआ और 1980 आ गया है और खत्म होने भी जा रहा है। लेकिन अभी तक कोई रिक्रूट-

मेंट रूल्ज फ्रेम नहीं हुए हैं। इस तरफ भी आनरेबल मिनिस्टर को ध्यान देना चाहिए।

टी०वी० में मजोरिटी स्टाफ आर्टिस्ट्स की होती है। उनका अभी तक कोई स्टेटस ही नहीं है। स्टाफिंग पैटर्न अभी तक सैटल नहीं हुआ है। इससे स्टाफ के मन में बड़ी अनसरटेनटी है। इसकी तरफ आपको खास ध्यान देना चाहिये।

मैं आपके माध्यम से आई एंड बी मिनिस्टर से यह भी अपील करना चाहती हूं कि जो कैज्युअल आर्टिस्ट्स है उनकी दो केडिड से भी वही चली आ रही है। जो यंग और टेलेंटिड आर्टिस्ट्स हैं उनको आप इतनी कम फी में एट्रेक्ट नहीं कर सकते हैं। यह ठीक है कि जो वल एस्टेबलिश्ड आर्टिस्ट हैं उनको शायद पैसे की भी जरूरत न हो। उनके लिए तो यह ठीक है। उनको सौ रुपया भी दिया जा सकता है। लेकिन जो यंग आर्टिस्ट है उनके लिए जो आपने कम्पीटीटिव फी रखी है वह ज्यादा होनी चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो इसका स्वाभाविक नतीजा यह निकलेगा कि वे मगेजींज और न्यूजपेपर्ज की तरफ जाएंगे। इस वास्ते आपको टेलेंट को सम्भाल कर रखना चाहिये।

एक्सटर्नल सर्विस का जो ट्रांसमिटर है वह ज्यादा पावरफुल होना चाहिये ताकि जो पड़ोसी मुल्क हैं वैस्ट एशिया के, साउथ ईस्ट एशिया के उन में भी हिन्दुस्तान की आवाज ज्यादा अच्छी तरह से सुनी जा सके। ईरान में, इजिप्ट में, साउदी अरब में, मुझे अफसोस है कि नेपाल, श्रीलंका, लकादीव आइलेंड तक मे—मैं कहना तो नहीं चाहती लेकिन मजबूर हूं कहने के लिए—पड़ोसी मुल्क जो हैं उनकी आवाज सुनाई देतीम है हमारी नहीं। सुपरपावरफुल शार्ट वव ट्रांसमिटर की एक प्रोपोजल थी जा चार साल से पैंडिंग पड़ी हुई है। उसका भी आप जरा ध्यान रखें।

मीडिया रिसर्ट में जो पायोनीयर थे डेनियल लर्नर उन्होंने कहा है : तो यह

"In the remote villages of Egypt when the Government inserted radio into the community, nothing else changed in the daily round of life except the structure of exploitations. This is the typical situation that over the past decade has been producing the revolution by rising frustrations. The mass media have been used to stimulate people, in some sense it does so by raising the level of aspirations for the good things of the world for a better life. No adequate provision is made however, for raising the level of achievement."

देखना है। आपको याद होगा कि सैटलाइट थ्रू कोई 2400 विलेजेज को हमने टी०वी० दी थी, और एक हजार के करीब विलेज ऐसे थे जहां कि कम्युनिटी व्यूइंग सटस दिये थे। देखना यह है कि उसका वहां क्या नतीजा निकला।

साइट पर सोशल इवल्यूएशन रिपोर्ट दो वाल्यून में 1977 में छपनी चाहिये, थी, लेकिन हुआ यह कि 1980 के शुरु महीने में वह छपी और बुक स्टाल्स पर अभी भी नहीं मिलती और न ही किसी प्रेस में कोई कम्प्रीहैंसिव रिव्यू उसका आया है और न ही उस पर डिस्कशन हुआ है। मेरी अपील है कि यह बड़ी वल्यूएबल रिपोर्ट है, हम चाहा रहे हैं 1981—82 में शायद सैटलाइट का इंतजाम हो जाये, तो इस रिपोर्ट का फायदा उठाना चाहिये। जो सटलाइट के टी० वी० कम्पोनेन्ट हैं, उसकी तरफ भी ध्यान देना चाहिये। वहां पर इसको जो सौफ्ट वेयर कहते हैं, जो ब्रेन विहाइन्ड मशीन होता है, जिसके हाथ से मशीन चलनी हैं, उनका भी ध्यान रखना चाहिये। यहप्सारी चीजें आपके जरिये मैं उनसे कहना चाहती हूं।

जब यह साइट के ऊपर इवल्यूएशन रिपोर्ट आई तो पहले यह ख्याल किया जाना

था कि टी० वी० मास मीडिया के थ्रू जो रूरल एरिया के हमारे स्कूल हैं, उनका बड़ा डल करीकुलम होता है, अगर रेडियो के जरिये उनको क तो ड्राप आऊट रेट कम हो जायेगा । लेकिन इवल्यूएशन रिपोर्ट के जरिये पता चला कि वेचारे बच्चे तो अपने मां-बाप के हाथ में हैं उनको जब चाइल्ड लेवर की जरुरत होती है तो स्कूल से उठाकर उनसे कहते हैं कि हमारी भैंसे चराओ, वह काम करो । जब हम इकनामिकली बैंकवर्ड हैं, तो क्या करें ?

यह मैं जरूर कहूंगी कि रेडियो और टी० वी० की वजह से ग्रीन रेवोल्यूशन में बहुत चेन्जेज आई है ।

कलर टी० वी० की बात मैं करती हूं । पीछे यहां सवाल जवाब भी हुए थे, हमारे इन्फार्मेशन एंड ब्राडकास्टिंग मिनिस्टर श्री साठे ने कहा था कि हम कलर टी० वी० शुरु करने वाले हैं । उस पर देखना है कि खर्च कितना आयेगा । ट्रांस्मीटर पर शायद 1.75 करोड़ रुपये का खर्चा आये, मगर कलर टी० वी० हुआ तो उस पर खर्चा करीबन 2 करोड़ के होगा । स्टूडियो अगर बनायें तो 5 करोड़ का खर्चा आयेगा और अगर कलर स्टूडियो बनायें तो 1 करोड़ का और खर्चा आ जायेगा । कुछ महीनों या कुछ टाइम के बाद जो रा-स्टाक है, कलर फिल्म प्रोडूयस करेगा और व्लक एंड व्हाइट के लिये मुश्किल हो जायेगा और एक्सपेंसिव इतना होगा कि व्लैक एंड व्हाइट में यूज भी करें तो उसका कोई फायदा नहीं ।

एफ्लुएण्ट कंट्रीज में जहां कलर टी० वी० आज एफोर्ड नहीं कर सकते, अभी भी उसको ब्लैक एंड व्वाइट में देखते हैं, यह सब चीजें ध्यान में रखनी पड़ेंगी । जो स्पेयर पार्टस हैं ब्लैक एंड व्हाइट ट्रांस्मीशन स्टूडियो के हार्ड वेयर के, वह नहीं मिलेंगे । वजाय इसके कि वक्त हमें मजबूर करे कि हम कलर टी० वी० पर जायें, ज्यादा अच्छा होगा अगर आप ही उस पर जायें और ब्लैक एंड व्हाइट टी० वी० पर जो खर्चा करना हो, वह इन दी लांग रन इन्फ्रक्चुअस होगा ।

मैं गांव में रहने वाली हूं, इस लिए मैं रूरल हैल्थ प्रोग्राम के बारे में कुछ कहना चाहती हूं । प्राइमरी हल्थ केयर की फैसिलिटी प्रोवाइड करना बहुत जरूरी है । आपको याद होगा कि हिन्दुस्तान एल्मा एटा डिक्लेरेशन का सिग्नेटरी है । हमने यह आवजेक्टिव एक्सेप्ट किया था कि 2000 ई० में हर एक गांव में डिसपेंसरी होगी । श्री उन्नीकृष्णन सामने बैठे हैं । मेरा खयाल है कि केरल स्टेट ने हर एक गांव में डिसपेंसरी कायम कर दी है । बीस साल तक हमारे लिए सारे हिन्दुस्तान में यह काम करना जरूरी हो जायेगा ।

प्राइम मिनिस्टर ने लेडी हार्डिंग कालेज के फ़ाउंडर्ज डे पर 20 मार्च, 1980 को जो स्पीच दी थी, अगर मैं कहूं कि उसको नेशनल हैल्थ पालिसी का गाइडिंग डाकुमेंट मानना चाहिए, तो यह कोई वड़ी बात नहीं होगी । उन्होने कहा था कि दिल्ली के अस्पतालों मे रेफ़रल सिस्टम होना चाहिए, जो कि इस वक्त नहीं है । मैं भी कहना चाहती हूं कि गांव से ले कर टेकनिकल हास्पिटल तक रेफ़रल सिस्टम का होना बहुत जरूरी है । जो बेचारे मरीज़ ज्यादा से ज्यादा डिस्ट्रिक्ट लेवल के अस्पताल मे ठीक हो सकते है, अगर उन्हें बड़े बडे अस्पतालों मे भेजा जाये तो वे चक्कर लगाते रहेंगे, उनका खर्चा बहुत ज्यादा होगा और डाक्टरों का टाइम वेस्ट होगा ।

डेवैलप्ड कंट्रीज में इनफ़ैंट मार्टेलिटी बहुत कम है – 15 से 20 पर थाउजेंड से भी कम है, लेकिन वह हिन्दुस्तान में 100 पर-थाउजेंड से भी ज्यादा है । केरल ऐसी स्टेट है, जिसमें 54 पर थाउजेंड की एचीवमेंट ऐटेन कर ली है । इस तरफ भी ध्यान देना बहुत जरूरी है ।

जहाँ तक पापुलेशन कंट्रोल का ताल्लुक है, वह जो नारा था : "हम दो, हमारे दो", अब वह चलने वाला नहीं है। अब नारा यह होना चाहिए : "हम दो, हमारा एक"। इसका इम्प्लीमेंटेशन करना बहुत जरूरी है। चाहे हम इस तरफ बैठे हों या उस तरफ, आने वाली जेनीरेशन हमें कभी माफ नहीं करेगी, अगर हम इस प्रोग्राम के मातहत कोई काम नहीं करेंगे। हम हर वक्त खुराक की कमी की शिकायत करते हैं, लेकिन हम कभी नहीं सोचते कि इस प्राबलम को कैसे हल किया जा सकता है। इसलिए पापुलेशन कंट्रोल या फैमिली प्लानिंग की तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है। चाइना ने भी वही नार्म एडाप्ट किया है, "हम दो, हमारा एक"।

ड्रिंकिंग वाटर का इन्तजाम करना बेहद जरूरी है। न्युट्रीशन, हाउसिंग, हैल्थ और एजूकेशन वगैरह के बारे में टाइम कम होने की वजह से ज्यादा न कहते हुए मैं यह सुझाव देना चाहती हूं कि गांवों में गोबर-गैस प्लांट का होना बहुत जरूरी है। गांधीजी ने इसको बहुत महत्व दिया था। गोबर-गैस से लाखों पशों का फ़र्टलाइजर बचता है और एनर्जी की सेविंग भी होती है। अगर मैं यह कहूं, तो आपको बहुत ज्यादा रेवोल्यूशनरी नहीं लगेगा, कि अगर उसको लैट्रिन में ह्युमैन एक्सक्रीटा से कनेक्ट कर दें, और उसको प्रासेस कर दें, तो एक तरफ तो हम कालेरा और टायफायड जैसी किलर डिजीजिज और वर्म इनफेक्शन से बच जायेंगे और दूसरी तरफ फर्टलाइजर के तौर पर मुल्क का फायदा होगा।

अब मैं पंजाब की कुछ बातें कहना चाहती हूं। जी टी रोड बाघा से दिल्ली आती है। उस पर इतने एक्सिडेंट्स होते हैं कि मै क्या बताऊं? किसी जमाने में हम चंडीगढ़ से दिल्ली साढ़े तीन घंटे में पहुंच जाते थे—ज्यादा से ज्यादा चार घंटे लग जाते थे। लेकिन आज पांच, साढ़े पांच घंटे से कम नहीं लगते हैं। इसलिए इसका फोर-लेनिंग करना बहुत जरूरी है। पंजाब में लुधियाना से गोराया तक काम शुरू है। अगर उसको जालंधर तक एक्सटेंड कर दिया जाये, तो अच्छा होगा। गोबिंदगढ़ और खन्ना इंडस्ट्रियल टाउन हैं, वहां बाटलनेक्स हो जाते हैं। आपके माध्यम से वित्त मंत्री से मेरी रिक्वेस्ट है कि वह इस तरफ भी ध्यान दें।

इसके लिए गवर्नमेंट आफ इंडिया ने साढ़े बारह करोड़ रुपये रखे हैं, लेकिन करेंट फिननाशलयीअर में खाली तीन करोड़ रुपये रिलीज किये गये हैं। इस तरह तो इस काम को पूरा होने में हजारों साल लग जायेंगे। अगर रुपया जल्दी रिलीज किया जाये, तो पंजाब और हरियाणा इस सड़क के फोर-लेनिंग में मदद देंगे।

मेरी कांस्टीट्युएन्सी का नाम है मुक्तिसर। यह एक हिस्टारिकल टाउन है, जहां गुरु गोबिन्द सिंह के 40 मुक्ते लड़ाई में शहीद हुए थे। आज उसकी हालत एक प्लेट की तरह है। वह नीचा है और चारों तरफ का जो वाटर लेवेल है वह ऊपर आ रहा है जिस से यह टाउन सिंक कर रहा है। पहले तो यह हिस्टारिकल टाउन है और हिस्टारिकल टाउन न भी हो फिर भी सरकार का फर्ज है उसे देखने का। प्रधान मंत्री जब गई थीं तो उन को मैंने दिखाया था। तो इसकी तरफ तवज्जह देना जरूरी है। हम वित्त मंत्री जी से कहेंगे कि वह स्टेट गवर्नमेंट की कुछ मदद करें ताकि फरीदकोट और मुक्तसर को बचाया जा सके। वहाँ जो वाटर लागिंग है उस की ड्रेनेज की व्यवस्था की जानी चाहिए। यह बड़ा जरूरी और अहम मसला है।

मै आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बोलने का टाइम दिया जिसके लिए मैं बहुत देर से बैठी थी।

**श्री जयपाल सिंह कश्यप** (आंवला) : उपाध्यक्ष महोदय,

बड़ा शोर सुनते थे पहलू में दिल का
जो चीरा तो कतरये खूं न निकाला।

माननीय वित्त मंत्री ने जो यह अपना बजट पेश किया है और वित्त विधेयक पर मुझे चर्चा करने का जो अवसर मिला है उसमें मैं विशेष रूप से एक चीज पर ध्यान दिलाना चाहता हूं कि भारतीय संविधान के अन्दर पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। लेकिन पूरे 33 साल मे जो भी सरकार रही हो, केन्द्र ने पिछड़े वर्ग की बहुत बड़ी उपेक्षा की है। जो एजूकेशनली और सोशली बैकवर्ड हैं सरकारी नौकरियों में उनकी आबादी के अनुपात मे उन्हें रिजर्वेशन मिलना चाहिए थी, और भी सुविधाएं उनको मिलनी चाहिए थी। 60 प्रतिशत उन लोगों की आबादी हैं इस देश में, पिछड़े वर्ग की लेकिन आज तक उनकी उपेक्षा की गई है। उनको आरक्षण मिलना चाहिए लेकिन इस बजट के अन्दर कोई भी व्यवस्था पिछड़े वर्ग के लिए नहीं है। इस तरह से इस देश के 60 प्रतिशत लोगों को ठुकराया जा रह है, उनकी अपेक्षा की जा रही है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15(4) 16(4) और 340 कहता है कि जो सोशली और एजूकेशनली बैकवर्ड लोग हैं, जिनका सरकारी नौकरियों में रिप्रजन्टेशन नहीं है उनको आरक्षण दिया जायेगा। वह आरक्षण उनको मिलना चाहिए। इसके अलावा जो शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज के लोग हैं, उनका कोटा आज तक पूरा नहीं हुआ है। उनका कोटा कब तक आगे ले जाया जयेगा, कब तक उनके साथ मे खिलवाड़ किया जयेगा उनका भी आरक्षण का कोटा पूरा किया जाना चाहिए। सरकार को इनके आरक्षण को पूरा करने का जो तरीका है वह भी बदलना होगा। आज जो तरीका है उसमें कुछ आर्डर्स, कुछ जी ओज और कुछ नोटिफिकेशंस के जरिए यह आरक्षण पूरा करने की बात की जाती है। आफिसर्स कहीं उन को मानते हैं कहीं नही मानते हैं। अंजाम यह होता है कि वीकर सेक्शन के लोग इससे नुकसान उठा रहे हैं। यह सारा नोटिफिकेशन और जी ओज का तरीका खत्म करके इसके लिए एक ऐक्ट होना चाहिए जिसके अनुसार जो भी अधिकारी कोटे को पूरा न करे या किसी तरह की मनमानी करे उसको कम से कम पांच साल की सजा का प्रावधान इंडियन पीनल कोड मे होना चाहिए ताकि वीकर सेक्शन के लोगों की हिफाजत हो सके।

आज हमारे ट्रेजरी बेंच पर जो लोग बैठे हैं अगर वे यह कहते हैं कि हमारा राज है तो मैं कहता हूं कि उनका राज नही है भारत की कुछ स्टेट्स को छोड़ कर। उत्तर भारत के बहुत से ऐसे राज्यों को मैं जानता हू जहां कि पूरा का पूरा पुलिस राज कायम हो गया है, जहां सरकार की नही चलती है, पुलिस का आतंक छाया हुआ है और इस तरह का आतंक है कि आज बड़े-बड़े आदमियों को अपनी इज्जत बचाना दूभर हो गया है। डाकुओं का डर तो रात में रहता है लेकिन पुलिस का डर हमें चौबीसों घटे बना रहता है। गांवो मे रास्ता चलते हुए भले लोग परेशान रहते हैं। जिस तरह से हिन्दुस्तान के कोने-कोने मे पुलिस ने स्त्रियों के साथ व्यवाहार किया है, रिश्वत न देने पर इटावा में गौरीशंकर मल्लाह जो ट्रक का मालिक था उस को गोली मार कर आप हत्या कर दें, स्त्रियों के गुप्तांगों में मिर्चे भरी जायें, गोंडा मे उनके गुप्तांगों में डंडे किए जायें, बागपात जैसी घटनाए हों तो इस को क्या कहा जाये? अगर आप इस ऐडमिनिस्ट्रेशन को नही चला सकते हैं तो आप को कोई तरीका सोचना चाहिए कि लोगों की हिफाजत कैसे हो? कुछ हमारे फंडामेन्टल राइट्स है कि अच्छे ढंग से हम अपनी जिन्दगी बसर कर सकें। हमें जीने का अधिकार है, पर्सनललिबर्टी है, कौंस्टीटयूशन में दी हुई गारन्टी है जिसको आप पूरा नही कर सकते है। संविधान मे डायरेक्टिव प्रिंसिपुल्स दिए हुए हैं जिनके आधार पर पूरी सरकार चलती है और चलनी भी चाहिए लेकिन आपके बजट के इन प्रावधानों को उठाकर देखें तो यह कही पर भी पूरे नहीं हैं। आज बेरोजगार परेशान हैं और वे खुदकुशी

कर रहे हैं। आपको चाहिए कि इस देश में जो बेरोजगार हैं उनको बेरोजगारी भत्ता दें।

